# 15 राजस्थान में अंग्रेजी प्रभुत्व एवं उसके प्रभाव

1. 6 जनवरी, 1818 को जोधपुर और ईस्ट इंडिया कम्पनी के मध्य संधि हुई, जिसमें जोधपुर शासक मानसिंह की तरफ से किस व्यक्ति द्वारा संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए गए?
(1) छत्र सिंह (2) बिशन राम व्यास
(3) काशीनाथ ओझा (4) अभयराम व्यास

2. ईस्ट इण्डिया कम्पनी के साथ राजस्थान के राज्यों की 1803 ई. में हुई संधियों का सही क्रम है?
(1) भरतपुर, जयपुर, जोधपुर, अलवर
(2) भरतपुर, जयपुर, अलवर, जोधपुर
(3) भरतपुर, जोधपुर, अलवर, जयपुर
(4) भरतपुर, अलवर, जयपुर, जोधपुर

3. अंग्रेजों ने जयपुर राज्य के आन्तरिक मामलों में दखल देने का प्रयास किया, तो 1835 ई. में जयपुर की जनता ने किस अंग्रेज अधिकारी की हत्या कर दी?
(1) कैप्टन रॉबिन्सन (2) कैप्टन कॉब
(3) कैप्टन ब्लैक (4) जॉन मैल्कम

4. कोटा, जयपुर, टोंक और प्रतापगढ़ रियासतों ने 1817-18 ईस्वी में ईस्ट इंडिया कम्पनी के साथ किस कालक्रम में हस्ताक्षर किए–
(1) कोटा, टोंक, प्रतापगढ़ व जयपुर
(2) टोंक, कोटा, प्रतापगढ़ व जयपुर
(3) टोंक, कोटा, जयपुर व प्रतापगढ़
(4) कोटा, टोंक, जयपुर व प्रतापगढ़

5. जयपुर के किस शासक ने 1776 ई. में अपने वकील को गर्वनर जनरल से वार्ता के लिए कलकत्ता भेजा था?
(1) सवाई प्रतापसिंह (2) पृथ्वीसिंह
(3) माधोसिंह प्रथम (4) जगतसिंह द्वितीय

6. ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने करौली राज्य के साथ संधि कब की थी?
(1) 9 नवम्बर, 1817 (2) 9 अक्टूबर, 1817
(3) 9 दिसम्बर, 1817 (4) 9 जनवरी, 1817

7. 1818 ई. में ईस्ट इण्डिया कम्पनी के साथ संधि के दौरान उदयपुर राज्य की ओर से किसने हस्ताक्षर किए थे?
(1) बिशनराम व्यास (2) ठाकुर रणधीर सिंह
(3) काशीनाथ ओझा (4) ठाकुर अजीत सिंह

8. अंग्रेजों ने शेखावाटी क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए किस सैनिक टुकड़ी की स्थापना की?
(1) जयपुर ब्रिगेड (2) शेखावाटी ब्रिगेड
(3) ढूंढाड़ ब्रिगेड (4) सीकर ब्रिगेड

9. अंग्रेजों ने मेवाड़ व मारवाड़ के खर्च से मेरों व मीणों के उपद्रवों को शांत करने के लिए किस बटालियन का गठन किया था?
(1) जोधपुर लीजन (2) मेरवाड़ा बटालियन
(3) मेवाड़ भील कोर (4) शेखावाटी ब्रिगेड

10. कोटा महाराव के विरोध पर कोटा रेजिमेन्ट को किस राज्य में रखा गया था तथा कोटा राज्य से 2 लाख रु वार्षिक लेना तय किया गया था?
(1) देवली (टोंक) (2) खैरवाड़ा (उदयपुर)
(3) एरिनपुरा (पाली) (4) नीमच (मध्यप्रदेश)

11. अंग्रेजों के साथ जोधपुर राज्य के किस शासक ने 1818 की संधि की थी?
(1) महाराजा मानसिंह (2) महाराजा छत्रसिंह
(3) महाराजा हनुवंत सिंह (4) महाराजा तख्त सिंह

12. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए–

| राज्य | हस्ताक्षरकर्ता |
|---|---|
| A. बीकानेर | i. ठाकुर अजीत सिंह |
| B. बूँदी | ii. बिशनाराम व्यास |
| C. जोधपुर | iii. काशीनाथ ओझा |
| D. उदयपुर | iv. बिशनसिंह |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iii | ii | i | iv |
| (3) | iii | iv | ii | i |
| (4) | ii | iii | iv | i |

13. ईस्ट इंडिया के साथ संधि करने वाली रियासत व उसका शासक निम्न में से सही सुमेलित नहीं है?
(1) भरतपुर– बख्तावर सिंह (2) जयपुर– जगतसिंह द्वितीय
(3) जोधपुर– मानसिंह (4) धौलपुर– किरत सिंह

14. सहायक संधि के समय करौली का शासक............था।
(1) मदनपाल (2) विष्णु सिंह
(3) हरबक्षपाल (4) शिवसिंह

15. राजस्थान में ईस्ट इंडिया कम्पनी के साथ निम्न में से संधि करने वाला अंतिम राज्य था?
(1) जयपुर (2) उदयपुर
(3) जोधपुर (4) टोंक

16. राजपूताना की निम्नलिखित रियासतों ने 1817-18 ई. में ईस्ट इंडिया कम्पनी के साथ हस्ताक्षर किए–
(A) जयपुर (B) बूँदी (C) टोंक (D) किशनगढ़
निम्न में से कौनसा अनुक्रम कालक्रमानुसार सही है?
(1) A, D, B, C (2) B, C, D, A
(3) C, B, D, A (4) C, B, A, D

17. जैसलमेर के किस शासक ने अंग्रेजों के साथ 1818 की संधि की थी?
(1) मूलराज द्वितीय (2) रणजीत सिंह
(3) मानसिंह (4) जगतसिंह

18. अंग्रेज अधिकारी चार्ल्स मैटकॉफ ने टोंक के नवाब के साथ संधि कब हस्ताक्षरित की थी?
(1) 15 नवम्बर, 1818 (2) 15 नवम्बर, 1817
(3) 9 नवम्बर, 1817 (4) 9 नवम्बर, 1818

19. उस अंग्रेज अधिकारी का नाम बताइए जिसने भरतपुर किले को 1805 में घेरा डालकर लम्बे समय तक आक्रमण करता रहा, लेकिन सफलता नहीं मिली अंततः महाराजा रणजीत सिंह से संधि करनी पड़ी?
(1) लॉर्ड हेस्टिंगस (2) चॉर्ल्स मैटकॉफ
(3) जनरल लेक (4) कर्नल एबॉट

20. मेवाड़ राज्य के भोमट क्षेत्र में शांति स्थापित करने हेतु अंग्रेजों द्वारा 'मेवाड़ भील कोर' का गठन किस वर्ष किया गया?
(1) 1835 (2) 1841
(3) 1843 (4) 1818

21. मांगरोल युद्ध में विजय होने वाले जालिम सिंह का संबंध किस राज्य से है–
(1) कोटा (2) भरतपुर
(3) बूंदी (4) अलवर

22. महाराजा पृथ्वीसिंह किस राज्य के शासक थे, जिन्होंने अपने वकील को (1776 ई. में) गवर्नर जनरल से वार्ता के लिए कलकत्ता भेजा था?
(1) बीकानेर (2) करौली
(3) बाँसवाड़ा (4) जयपुर

23. ईस्ट इंडिया कम्पनी के संचालक मण्डल द्वारा देशी राज्यों के साथ संधि नीति को अस्वीकार करने के कारण निम्न में से किस गवर्नर जनरल ने इस्तिफा दे दिया था?
(1) लॉर्ड कॉर्नवालिस (2) जॉज बार्लो
(3) लॉर्ड हेस्टिंगस (4) लॉर्ड वेलेजली

24. जयपुर रियासत के बारे में सत्य कथन की पहचान कीजिए–
A. जयपुर रियासत ने सहायक संधि 15 अप्रैल, 1818 की थी।
B. सहायक संधि के समय जयपुर का शासक जगतसिंह द्वितीय था।
(1) केवल A सत्य है। (2) A व B दोनों सत्य है।
(3) केवल B सत्य है। (4) दोनों अत्य है।

25. बीकानेर राज्य ने ईस्ट इंडिया कम्पनी के साथ संधि (21 मार्च, 1818) के समय वहाँ के महाराजा कौन थे, जिन्होंने अपने विद्रोही सरदारों से परेशान होकर कम्पनी के साथ संधि की?
(1) सूरसिंह (2) डूंगर सिंह
(3) सार्दुल सिंह (4) सूरत सिंह

26. महाराजा रणधीर सिंह कहाँ के शासक थे, जिनकी मृत्यु के पश्चात् (मृत्यु 1823) अंग्रेजों ने आंतरिक हस्तक्षेप किया व अंततः 1826 में किले पर अधिकार कर लिया?
(1) कोटा (2) करौली
(3) भरतपुर (4) धौलपुर

27. निम्न में से कोटा के किस शासक ने पिण्डारियों के विरूद्ध अभियान के दौरान कर्नल जेम्स टॉड का विश्वास पात्र बन गया था।
(1) झाला जालिम सिंह (2) झाला मदनसिंह
(3) राव किशोरसिंह द्वितीय (4) राव उम्मेदसिंह प्रथम


28. जोधपुर के किस शासक ने अंग्रेजों के हस्तक्षेप से नाराज होकर 1832 के अजमेर दरबार में भाग नहीं लिया?
(1) भीमसिंह (2) तख्तसिंह
(3) महाराजा मानसिंह (4) जसवन्त सिंह द्वितीय


29. 1803 व 1805 की संधियों के समय भरतपुर का शासक निम्न में से कौन था?
(1) बख्तावर सिंह (2) रणजीत सिंह
(3) कीरत सिंह (4) मानसिंह

30. डूँगरपुर राज्य व ईस्ट इंडिया कम्पनी की संधि के बारे में सत्य कथन का चयन कीजिए–
(1) यह संधि 11 दिसम्बर, 1818 की गई थी।
(2) इस संधि के समय डूँगरपुर के शासक महारावल जसवंत सिंह द्वितीय थे।
(3) यह संधि जॉन मेकलम नामक अंग्रेज अधिकारी ने की थी।
(4) उपर्युक्त सभी कथन सत्य है।

Lead, Read and Achieve
Dhindhwal Publication

# अध्यापक भर्ती के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें–




- Dhindhwal Publication
- धींधवाल पब्लिकेशन
- Dhindhwal Classes
- @Publication-DP
- Dhindhwal Publication

टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध हैं। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।